**सल्तानात्कालीन प्रशासन एवं जनजीवन**

**अभ्यास प्रश्न**

**1.) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

**(1) सल्तनत काल की प्रशासनिक व्यवस्था में प्रमुख विभाग कितने थे-**

(अ) दो

(ब) पाँच

(स) चार

(द) साल

उत्तर - (स) चार

**(2) व्यापार का प्रमुख केन्द्र कौन सा था, जहाँ देश के विभिन्न भागों से सामान आता था-**

(अ) दिल्ली

(ब) बंगाल

(स) गुजरात

(द) मुल्तान

उत्तर - (अ) दिल्ली

**2.) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

(कोष्ठक में दिये गये शब्दों में से सही शब्द चुनकर भरे)

**(1) हिन्दी और फारसी के सम्मिश्रण से इस काल में एक नई भाषा ................. का जन्म हुआ।**

हिंदी और फारसी के सम्मिश्रण से इस काल में एक नई भाषा उर्दू का जन्म हुआ।

(तमिल, उर्दू, कबड़)

**(2) इस काल के प्रसिद्ध दार्शनिक व साहित्यकार ................. ने अपनी रचनाओं में उर्दू, फारसी व हिन्दी भाषा का प्रयोग किया।**

(अमीर खुसरो, कबीरदास, नानक, मुइनुद्दीन चिश्ती)

साहित्यकार अमीर खुसरो ने अपनी रचनाओं में उर्दू, फारसी वह हिंदी भाषा का प्रयोग किया।

**(3) शल्य चिकित्सा के लिये वैद्य ................. व ................. का नाम प्रसिद्ध था।**

(सदरुद्दीन व अजीमुद्दीन, मच्छेन्द्र व जोग, बदरुद्दीन व बर्नी)

संदेश चिकित्सा के लिए प्रसिद्ध वैद्य मच्छेन्द्र व जोग का नाम उल्लेखनीय है।

**3.) निम्नलिखित की सही जोड़ियाँ बनाइए-**

(1) कुतुबमीनार - बीजापुर

(2) गोल गुंबद - दिल्ली

(3) कबीर - ने सिख सम्प्रदाय की स्थापना की थी

**(4) गुरुनानक - हिन्दु, मुसलमानों के भेद-भावों को दूर करने का प्रयास किया।**

उत्तर -

(1) कुतुबमीनार - दिल्ली

(2) गोल गुंबद - बीजापुर

(3) कबीर - हिन्दु, मुसलमानों के भेद-भावों को दूर करने का प्रयास किया।

(4) गुरुनानक - ने सिख सम्प्रदाय की स्थापना की थी

**4.) लघु उत्तरीय प्रश्न-**

**(1) सल्तनत काल की सामाजिक व्यवस्था के कोई दो मुख्य बिन्दु लिखिए?**

सल्तनत काल में समझ में मुख्यतः हिंदू और मुस्लिम जनसंख्या निवास करती थी। समाज में उच्च वर्ग के लोग सुल्तानों का अनुकरण करते थे और विलासिता का जीवन व्यतीत करते थे।

समाज में बाल विवाह, बहु विवाह सती प्रथा का प्रचलन था।

**(2) सल्तनत काल में राज्य की आय के प्रमुख साधन क्या थे?**

सल्तनत काल में राज्य के आई का प्रमुख साधन भूमि कर था।

**(3) सल्तनत कालीन वास्तुकला की दो विशेषताएँ उदाहरण सहित लिखिए?**

प्राचीन भारतीय वास्तु कला शैली में इस नई सल्तनत कालीन शैली के सम्मिश्रण से वास्तु कला के एक नवीन रूप का विकास हुआ।

नुकीले मेहराब और गुंबद तथा ऊंची सकरी मीनार इस कल की वास्तुकला की महत्वपूर्ण विशेषता थी।

दक्षिण के शासको ने किलों के अंदर शानदार इमारतें बनवाई। दौलताबाद और गोलकुंडा के किले इसके प्रमुख उदाहरण है।

**(4) भक्ति आन्दोलन के सन्तों द्वारा दी गई प्रमुख शिक्षाएँ क्या थी?**

भक्ति आंदोलन के संतों ने धर्म व समाज दोनों क्षेत्र में व्याप्त आडंबर कुरीतियों को दूर करने में योगदान दिया इस आंदोलन में समझ में हिंदू मुस्लिम के भेद व अलगाव को दूर करके दोनों को निकट लाने का प्रयास किया।

**5.) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न-**

**(1) सल्तनतकालीन भाषा एवं साहित्य का वर्णन कीजिए ?**

सल्तनत काल में भारत प्राथमिक शिक्षा का केंद्र पूर्ववत मंदिर और मस्जिद होते थे। यहीं पर ही बच्चों को शिक्षा प्रदान की जाती थी। कुछ स्थानों पर विद्यालय की स्थापना की गई थी। उच्च शिक्षा के लिए महाविद्यालय वह मद्रास की व्यवस्था थी केंद्रीय स्तर पर भारतीय भाषा का प्रयोग होता था जिसका प्रभाव था और भारतीय भाषाओं में भी फ़ारसी के बहुत शब्दों का प्रयोग होने लगा था। हिंदी और फारसी भाषा के मिश्रण से उर्दू भाषा का जन्म हुआ। यह भाषा बोलचाल की भाषा बन गई उर्दू भाषा का व्याकरण हिंदी की तरह ही है। इस काल में क्षेत्रीय भाषाओं का भी विकास हुआ। कुछ हिंदू राज्यों के राज दरबार में संस्कृत भाषा का प्रयोग भी किया जाता था। कागज का प्रचलन बढ़ने से प्राचीन ग्रंथो का पुनः लेखन शुरू हो गया।

अतिरिक्त प्रश्न -

**प्र.) 1 तीन से चार वाक्य में उत्तर लिखो।**

**1.) सल्तनत कालीन सामाजिक जीवन कैसा था?**

सल्तनत कालीन सामाजिक जीवन में समाज में मुख्यतः हिंदू और मुस्लिम जनसंख्या निवास करती थी। समाज में उच्च वर्ग के लोग अमीर और सरदारों का अनुकरण करते थे और विलासिता का जीवन व्यतीत करते थे।

सल्तनत कालीन समाज व्यवस्था में ब्राह्मण और उलेमा मतलब धर्म शिक्षक इनका महत्वपूर्ण स्थान था। इस सामाजिक जीवन में जाति व्यवस्था का कठोरता से पालन किया जाता था। उसे वक्त पर्दा प्रथा का चलन बहुत था। स्त्रियों को मर्यादित स्वतंत्रता थी। समाज में कुरीतियों का चलन था। बाल विवाह, बहु विवाह और सती प्रथा प्रचलित थी। मुस्लिम सुल्तानों के पास बड़ी प्रथा में दास होते थे। उसे वक्त दास प्रथा का प्रचलन था। ऐसा कहा जाता है कि फिरोज शाह तुगलक के पास 180000 गुलाम थे।

**2.) सल्तनत काल में कौन-कौन सी वस्तुओं का निर्यात और आयात किया जाता था?**

सल्तनत काल में सूती व रेशीम कपड़ा, जड़ी बूटी, धातु के बर्तन, हाथी दांत की वस्तुएं इन वस्तुओं की निर्यात की जाती थी। इसके साथ-साथ कांच के बर्तन व घोड़ों का आयात किया जाता था।

**3.) सल्तनत काल में राज्य की आय के कौन-कौन से साधन थे?**

भारत एक कृषि प्रधान देश है। भारत में प्राचीन काल से ही खेती पर ध्यान दिया जाता है। इस वजह से सल्तनत काल में काल में भी आए का मुख्य साधन भूमि कर था। जो उपज का ½ या ⅓ भाग था। इसके अतिरिक्त खनिज संपत्ती, मकान

मकान कर, चुंगी कर, सिंचाई कर, तीर्थं यात्रा कर आदि राज्य के आय के अन्य साधन थे। हिंदुओं के लिए और अन्य गैर अन्य गैर मुसलमानों से जजिया कर और मुसलमान से जकात नामक कर लिया जाता था।

**4.) सल्तनत कालीन धार्मिक आंदोलन पर प्रकाश डालिए।**

सल्तनत काल में हिंदू और मुसलमान दोनों है अपनी जाति प्रथा का कठोरता से पालन करते थे। इसके साथ-साथ समाज में अनेक सारी कुरीतिया पनप रही थी। इन बुराइयों को दूर करने के लिए और समाज को एक साथ लाने के उद्देश्य से कुछ समाज सुधारको ने अपनी रचनाओं के माध्यम से जनता में परस्पर प्रेम और सद्भाव को बढ़ाने का प्रयास किया। धार्मिक आंदोलन का आरंभ रामानंद ने किया था। इन सभी धार्मिक कर्मकांडों की अपेक्षा भक्ति भाव से प्रेम पूर्वक ईश्वर की उपासना करने पर भर दिया गया। यही विचारधारा दक्षिण से उत्तर तक पूर्व से पश्चिम तक फैल गई और भक्ति आंदोलन के नाम से प्रसिद्ध हो गई।

**5.) भक्ति आंदोलन का संपूर्ण जनाज जीवन पर कौन सा प्रभाव हुआ?**

भक्ति आंदोलन में धर्म और समाज दोनों क्षेत्रों में व्याप्त आडंबक कुरीतियों को दूर करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। ईश्वर के निकट पहुंचने का सच्चा मार्ग और प्रेम बताया। इस आंदोलन में समझ में हिंदू और मुसलमान के भेद को दूर करके दोनों को निकट लाने का प्रयास किया। सभी धर्म को सामान बताते हुए कर्मकांड का कट्टर विरोध किया। भक्ति का प्रचार प्रसार किया।

**प्र.) 2 रिक्त स्थानों की पूर्ति करो।**

**1.) भारतीय समाज और संस्कृति में मुसलमान के सतत संपर्क से अनेक ………… सामने आए।**

भारतीय समाज और संस्कृति में मुसलमान के सतत संपर्क से अनेक परिवर्तन सामने आए।

**2.) नगर में ………… बहुत उन्नति कर रहा था।**

नगर में व्यापार बहुत उन्नति कर रहा था।

**3.) सुल्तानो द्वारा चांदी के टांके व तांबे की …………… नामक मुद्रा चलाई गई।**

सुल्तानो द्वारा चांदी के टांके व तांबे की दरहम नामक मुद्रा चलाई गई।

**4.) …………… दास जी के दोहे व भक्ति गीत प्रमुख रूप से उल्लेखनीय है।**

कबीर दास जी के दोहे व भक्ति गीत प्रमुख रूप से उल्लेखनीय है।

**5.) सुदूर दक्षिण में …………… के शासको द्वारा मंदिरों का निर्माण व जीर्णोद्धार करवाया गया।**

सुदूर दक्षिण में विजयनगर के शासको द्वारा मंदिरों का निर्माण व जीर्णोद्धार करवाया गया।

**6.) शासको द्वारा कलाकारों को …………… दिया जाता था।**

शासको द्वारा कलाकारों को राजाश्रय दिया जाता था।

**7.) तुर्क और ............... के आगमन के साथ वास्तुकला की नई शैली भारत आई।**

तुर्क और अफगानों के आगमन के साथ वास्तुकला की नई शैली भारत आई।

**प्र.) 3 एक-एक वाक्य में उत्तर लिखो।**

**1.) ईश्वर का प्रतिनिधि किसे माना जाता था?**

सुल्तान को ईश्वर का प्रतिनिधि माना जाता था।

**2.) मोरक्को के यात्री इब्नबतूता ने अपने वर्णन में कौन से बात की प्रशंसा की है?**

मोरक्को के यात्री इब्नबतूता ने अपने वर्णन में हिंदुओं द्वारा किए जाने वाले आतिथ्य सत्कार की प्रशंसा की है।

**3.) सल्तनत काल में कौन से प्रमुख नगर और बंदरगाह थे?**

सल्तनत काल में भड़ौच, खंभात, मुल्तान, लखनौती, सुनारगांव यह प्रमुख नगर और बंदरगाह थे।

**4.) साहित्यकार अमीर खुसरो ने अपनी रचनाओं में कौन सी भाषा का प्रयोग किया?**

साहित्यकार अमीर खुसरो ने अपनी रचनाओं में उर्दू, फारसी और हिंदी भाषा का प्रयोग किया।

**5.) बर्नी ने अपनी पुस्तक में कौन से बातों के बारे में जानकारी दी है?**

बर्नी ने अपनी पुस्तक तारीख ए फिरोजशाही में चिकित्सा को व और खगोल शास्त्रियों के एक लंबी सूची प्रस्तुत की है।

**6.) संस्कृत ग्रंथों का अनुवाद कौन-कौन सी भाषा में किया गया?**

संस्कृत ग्रंथों के अनुवाद भारतीय भाषाओं के साथ-साथ अरबी और फारसी भाषा में भी होने लगे थे।

**प्र.) 4 जोड़ियां लगाओ।**

| | |
|---|---|
| (अ) दिल्ली - | गोलगुबंद |
| (ब) फिरोजशाह का दुर्ग- | हरविलास |
| (स) बीजापुर - | फिरोजशाह कोटला |
| (द) अमीर खुसरो - | कुतुबमीनार |
| (इ) श्रीनाथ - | पहेलिया - मुकरिया |

उत्तर -

**प्र.) 4 जोड़ियां लगाओ।**

(अ) दिल्ली - कुतुबमीनार

(ब) फिरोजशाह का दुर्ग- फिरोजशाह कोटला

(स) बीजापुर - गोलगुबंद

(द) अमीर खुसरो - पहेलिया - मुकरिया

(इ) श्रीनाथ - हरविलास